प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 27.05.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज प्रदान किये पद्म पुरस्कार : प्रदेश की साध्वी ऋतंभरा को पद्मभूषण, सैयद एनुल हसन और सोनिया नित्यानंद समेत चार को मिला पद्मश्री।
2. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा– ऑपरेशन सिंदूर सिर्फ सशस्त्र बलों की नहीं, बल्कि हर भारतीय की जिम्मेदारी ।
3. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में की शिरकत : कहा– समाज के अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन लाकर ही भारत बनेगा दुनिया की सबसे बड़ी ताकत।

और

4. ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर आज प्रदेश भर में हनुमान मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड : जगह–जगह किया गया भंडारों का आयोजन।

———————

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज राष्ट्रपति भवन में दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में पद्म पुरस्कार प्रदान किए। ये पुरस्कार कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामले, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल तथा प्रशासनिक सेवा सहित

विभिन्न विषयों और क्षेत्रों में दिए जाते हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*इस वर्ष सरकार में 139 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थी, जिसमें सात पद्म विभूषण, 19 पद्मभूषण और 113 पदश्री पुरस्कार शामिल हैं। पहले अलंकरण समारोह के दौरान राष्ट्रपति ने वर्ष 2025 के लिए 71 प्रतिष्ठित हस्तियों को पद्म पुरस्कार प्रदान किये। इनमें उत्तर प्रदेश के डॉ. श्याम बिहारी अग्रवाल, हृदय नारायण दीक्षित, गणेश्वर शास्त्री द्रविड़ और डॉ. सत्यपाल सिंह को पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। दूसरे अलंकरण समारोह में आज कुल 68 प्रतिष्ठित हस्तियों को पद्म पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। इनमें उत्तर प्रदेश की साध्वी ऋतंभरा को समाज सेवा के लिये पद्मभूषण से सम्मानित किया गया। प्रदेश के सैयद एनुल हसन को साहित्य और शिक्षा, प्रोफेसर सोनिया नित्यानंद को चिकित्सा, प्रोफेसर आशुतोष शर्मा को विज्ञान और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में वहीं श्री नारायण भुलई भाई को सार्वजनिक मामलों के लिये मरणोपरान्त पद्मश्री प्रदान किया गया। आकाशवाणी समाचार कक्ष से ओम अवस्थी।*

——————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि हाल के घटनाक्रमों ने साबित किया है कि पाकिस्तान का भारत के विरूद्ध तथाकथित छद्म युद्ध वास्तव में एक सुनियोजित युद्ध रणनीति है। गुजरात में गांधीनगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि छह मई की घटनाओं के बाद भारत को आतंकी गतिविधियों का प्रमाण देने की अब आवश्यकता नहीं है। बाइट....

*छह मई के बाद जिनका कत्ल हुआ, उस जनाजे को स्टेट ऑनर दिया गया पाकिस्तान में। उनके कॉफेन्स पर पाकिस्तान के झंडे लगाए गए। उनकी सेना ने उनको सेल्यूट दी। ये सिद्ध करता है कि आतंकवादी गतिविधि ये*

*प्रोक्सीवॉर नहीं है, ये आपकी सोची–समझी युद्ध की रणनीति है। आप वॉर ही कर रहे हैं। उसका जवाब भी वैसे ही मिलेगा।*

—————————

भारत विभिन्न देशों में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल भेजकर विश्व में आतंकवाद को पाकिस्तान द्वारा समर्थन दिये जाने का पर्दाफाश कर रहा है। इसक साथ भारत आतंकवाद को कतई बर्दाश्त नहीं करने की अपनी नीति का भी प्रसार कर रहा है। कांग्रेस सांसद शशि थरूर के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने दक्षिण अमरीकी देश गयाना के राष्ट्रपति मोहम्मद इरफान अली से मुलाकात को। संवाददाताओं से बातचीत में श्री थरूर ने कहा कि भारत को गयाना की सरकार से बिना शर्त की सहानुभूति और समर्थन प्राप्त हुआ है। जनता दल युनाइटेड के सांसद संजय कुमार झा के नेतृत्व में सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने सिंगापुर के विदेश और गृहमंत्री के साथ बैठक की। बैठक के बाद संजय कुमार झा ने कहा कि प्रतिनिधिमंडल ने वित्तीय कार्रवाई कार्यबल से पाकिस्तान को ब्लैक लिस्ट में शामिल करने का आग्रह किया। बाइट.....

*हम लोगों ने यही रिक्वेस्ट किया कि भई पाकिस्तान को ब्लैक लिस्ट में लाना चाहिए, क्योंकि जो भी फाइनेंशियल सपोर्ट उसको मिलता है, वो लार्जली वो अपनी डिफेंस या ये जो आतंकवाद है, टेररिज्म है, उसी पर उसका एक्सपेंस होता है। डेवलपमेंट वर्क का तो कोई है नहीं। पास्ट में भी ग्रे लिस्ट में जा चुका है।*

—————————

**ऑपरेशन सिंदूर की सफलता का जश्न मनाते हुए पूरा राष्ट्र भारतीय सैनिकों की वीरता को नमन कर रहा है। आकाशवाणी का समाचार सेवा प्रभाग सशस्त्र बलों को श्रद्धांजलि स्वरूप एक विशेष श्रृंखला प्रस्तुत कर रहा है। इस कडो में आज हम मेजर शैतान सिंह को याद कर रहे हैं, जिन्होंने 1962 के भारत–चीन युद्ध के दौरान सर्वोच्च बलिदान दिया था। इसके लिए उन्हें परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। एक रिपोर्ट.....**

*दिसंबर 1924 में राजस्थान के जोधपुर में जन्मे मेजर शैतान सिंह साल 1949 में सेना की कुमाऊं रेजीमेंट में भर्ती हुए। 1962 में भारत–चीन युद्ध के दौरान मेजर शैतान सिंह ने 13 कुमाऊं रेजिमेंट की सी–कंपनी का नेतृत्व किया और पांच हजार मीटर की ऊंचाई पर स्थित रेजांगला में एक रणनीतिक स्थान पर कब्जा किया। 18 नवंबर की सुबह चीन ने इस स्थान पर बड़ा हमला किया, उस समय इस जगह पर कंपनी की पांच पलटनें मौजूद थीं। जब दुश्मन सैनिक पहाड़ी नालों से आगे बढ़े तो भारतीय सैनिकों ने विनाशकारी गोलाबारी कर दुश्मन के छक्के छुड़ा दिए, जिससे उसे भारी नुकसान पहुंचा। अत्यंत ठंड और बड़ी संख्या में दुश्मन के सैनिकों की मौजूदगी के बावजूद कुमाऊं रेजीमेंट की सात, आठ और नौ नंबर की पलटन ने बेजोड़ साहस के साथ लड़ाई लड़ी और आखिर तक जमीन पर रखना कब्जा बनाए रखा। मेजर शैतान सिंह ने अपने व्यक्तिगत सुरक्षा की परवाह किए बिना, वह एक पलटन पोस्ट से दूसरे पलटन पोस्ट पर अपने सैनिकों के साथ लड़ते रहे। घायल होने के बावजूद उन्हें जब निकाला जा रहा था, तो चीनियों ने उन पर मशीनगन से हमला कर दिया। मेजर शैतान सिंह ने जीवन के लिए खतरा महसूस करते हुए, अपने सैनिकों को उन्हें छोड़कर जाने का आदेश दिया। सैनिकों ने मेजर शैतान सिंह को एक पहाड़ी की ढलान पर एक चट्टान के पीछे रखा, जहां उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली। मेजर शैतान सिंह को उनके सर्वोच्च साहस, नेतृत्व, कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।*

———————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीस मई को प्रस्तावित कानपुर दौरे को लेकर कल प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और डीजीपी प्रशान्त कुमार ने तैयारियों का निरीक्षण किया। कानपुर नगर स्थित चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्विद्यालय में चल रही तैयारियों के बारे में मुख्य सचिव और डीजीपी ने प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों से जानकारो ली। पत्रकारों से बातचीत में मुख्य सचिव ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जनसभा को सम्बोधित करने के साथ ही प्रदेश की लगभग इक्कीस हजार करोड़ रूपये की परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास भी करेंगे।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज गोरखपुर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित 1200 जोड़ों के विवाह कार्यक्रम में शिरकत की। इस अवसर पर

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोक कल्याणकारी कार्यक्रमों को आगे बढ़ाने का ही एक अभियान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज सरकार की मंशा हर एक नागरिक के जीवन में परिवर्तन लाने की है। भारत को दुनिया को सबसे बड़ी ताकत बनाने के लिए हमें समाज के अंतिम पायदान पर बैठे प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में परिवर्तन लाना होगा। बाइट.....

*गरीब के जीवन में प्रवर्तन लाने के उद्देश्य से ही कन्या मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, मातृ वंदना योजना, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का कार्यक्रम गरीबों के लिए आयुष्मान भारत की सुविधा का लाभ हर गरीब के लिए उनको मिलने वाली सुविधा का लाभ उन्हें उपलब्ध करवाया जा रहा है और मुख्यमंत्री स्वामी विवाह की योजना भी उसी प्रगतिशील सोच का एक प्रतीक है।*

———————

केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठावले आज फतेहपुर में सामाजिक अधिकारिता शिविर में शामिल हुए। शिविर में दिव्यांग जनों को मोटराइज्ड ट्राईसाईकिल, बैसाखी समेत अन्य दिव्यांग सहायक उपकरणों का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान श्री अठावले ने कहा कि केंद्र सरकार ज़रूरतमंदों को न्याय दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है।

———————

सिद्धार्थनगर के बजराभारी ग्राम पंचायत और करौंदा खालसा में सांसद जगदम्बिका पाल ने आज निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का उद्घाटन किया। इस मौके पर श्री पाल

ने कहा कि स्वास्थ्य शिविरों का उद्देश्य लोगों को उचित उपचार उपलब्ध कराना है।

———————

ज्येष्ठ माह के तीसरे बड़े मंगल पर आज प्रदेश भर में हनुमान मंदिरों में बड़ी संख्या में भक्तों ने दर्शन पूजन किया। इस अवसर पर प्रदेश के विभिन्न ज़िलों में भंडारों का आयोजन किया गया। लखनऊ में अलीगंज क नए हनुमान मंदिर और हनुमान सेतु पर भी मेले का आयोजन किया गया। प्रदेश के राज्यमंत्री रवींद्र जायसवाल ने हज़रतगंज में दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में भंडारे का आयोजन कर प्रसाद वितरण किया। इसी क्रम में आकाशवाणी के लखनऊ केंद्र पर भी भंडारे का आयोजन किया गया।

———————

लखनऊ के इकाना स्टेडियम में आज मेज़बान लखनऊ सुपर जायंट्स और रॉयल चलेंजर्स बेंगलुरु के बीच आईपीएल 2025 का आखिरी लीग मैच खेला जा रहा है। मैच के मद्देनज़र स्टेडियम के आसपास ट्रैफिक डायवर्जन लागू किया गया है।

———————

मौसम विभाग ने आगामी चार दिनों के लिए प्रदेश के पूर्वी और पश्चिमी इलाकों में गरज चमक के साथ बारिश और तेज़ हवाएं चलने का अनुमान जताया है। विभाग के

मुताबिक अगले 48 घंटों में राज्य के पश्चिमी हिस्सों में तापमान में 2 से चार डिग्री सेल्सियस की बढ़ोत्तरी होने, वहीं पूर्वी हिस्से में तापमान में कोई बदलाव ना होने की संभावना है।

(समाप्त)